भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2532

मंगलवार, 04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान

2532. डॉ. कडियम काव्य:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पीएम गति शक्ति - राष्ट्रीय मास्टर प्लान, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम या सरकार की किसी अन्य प्रमुख पहल के तहत वारंगल जिले के लिए कोई एकीकृत विकास रणनीति या मास्टर प्लान तैयार किया है या इसे लागू कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो चिह्नित, स्वीकृत और कार्यान्वयन के तहत चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, साथ ही वर्षवार स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वारंगल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र पर इन पहलों का, विशेषकर अवसंरचना के विकास, रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास, संभार-तंत्र संपर्क और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार के संबंध में क्या अपेक्षित सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): अक्टूबर, 2021 में शुरू की गई पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) पहल, देश में अवसंरचना संबंधी आयोजना और विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। केंद्रीय मंत्रालय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपनी-अपनी अवसंरचना परियोजनाओं, जिनमें विद्यालय, अस्पताल, आंगनवाड़ी आदि जैसी सामाजिक अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं, की आयोजना के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी), जो कि एक भू-स्थानिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, का उपयोग कर रहे हैं। अब तक, 58 केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पीएमजीएस-एनएमपी पर ऑनबोर्ड किया गया है। तेलंगाना राज्य भी इस पहल का हिस्सा है और वारंगल जिले सहित अपने संगत जीआईएस डेटा लेयर की मैपिंग और परियोजनाओं की आयोजना के लिए इस प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहा है।

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा इस प्लेटफॉर्म का उपयोग विभिन्न प्रमुख पहलों जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-

जेजीयूए) आदि के तहत परियोजनाओं के लिए डाटा आधारित निर्णय लेने और आयोजना बनाने के लिए किया जा रहा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को पीएमजीएस-एनएमपी के साथ एकीकृत किया गया है - वारंगल जिले में अब तक कोई आकांक्षी ब्लॉक नहीं है।

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) फ्रेमवर्क के तहत गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) आयोजना चरण में एकीकृत आयोजना, मल्टी-मोडैलिटी, इंटर-मोडैलिटी, प्रयासों के समन्वय, लास्ट माइल कनेक्टिविटी, परियोजना स्थान के आसपास और उसके आसपास व्यापक विकास, डाटा आधारित निर्णय लेने आदि को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है। अब तक तेलंगाना राज्य में पूरी तरह या आंशिक रूप से आने वाली 23 परियोजनाओं का एनपीजी द्वारा मूल्यांकन किया गया है, जिससे वारंगल जिले को कनेक्टिविटी का लाभ मिलता है और इनमें से एक, अर्थात सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित सड़क परियोजना वारंगल जिले से गुजर रही है।

इसके अलावा, वारंगल जिले में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए लगभग 7843 करोड़ रुपए की लागत वाली लगभग 447 किलोमीटर की 03 रेल कनेक्टिविटी परियोजनाओं और लगभग 6,133 करोड़ रुपए की लागत वाली लगभग 185 किलोमीटर की 04 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

इसके अलावा, पीएम मित्र स्कीम के तहत, लगभग 1,696 करोड़ रुपए की परियोजना लागत के साथ वारंगल में 1,327 एकड़ से अधिक क्षेत्र में एक ब्राउनफील्ड टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन किया गया है।

(ग): सरकार की उपर्युक्त पहलों के अपेक्षित सामाजिक-आर्थिक प्रभाव निम्नानुसार हैं:

- पीएमजीएस एनएमपी मंत्रालयों/राज्यों को विभिन्न प्रकार के परिवहन माध्यमों में लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही हेतु निर्बाध और कुशल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एकीकृत, सामंजस्यपूर्ण और समन्वित तरीके से सामाजिक अवसंरचना परियोजनाओं सहित उनकी संबंधित अवसंरचना परियोजनाओं की आयोजना में सहायता प्रदान कर रहा है, जिससे लास्ट-माइल कनेक्टिविटी बढ़ रही है और यात्रा में लगने वाले समय कम हो रहा है। पीएमजीएस एनएमपी बेहतर स्थल के चयन, विलंब में कमी और पारदर्शिता में वृद्धि करके से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार लाने में भी सहायता प्रदान कर रहा है।
- पीएम मित्र पार्क प्रमुख रेलवे नेटवर्क और पत्तनों के लिए उत्कृष्ट मल्टीमोडल कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जो वैश्विक व्यापार के लिए

निर्बाध लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित करता है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने, रोजगार के अवसर सृजित करने और विश्व स्तरीय एकीकृत वस्त्र अवसंरचना विकसित करने से इस पार्क का वारंगल क्षेत्र पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

- विशेष रूप से वारंगल के ऐतिहासिक रूप से प्रमुख क्षेत्रों में, माल ढुलाई से संबंधित यातायात की भीड़-भाड़ में कमी।
- कुशल, सुरक्षित और टिकाऊ माल ढुलाई के माध्यम से शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार।
- लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करके स्थानीय आर्थिक विकास में बढ़ोत्तरी।

******